# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।

पत्रांक/मान्यता/ 5547-50 /2026–27 दिनांक 30 मई 2026

## अनापत्ति प्रमाण – पत्र

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य एशियन इन्टरनेशनल स्कूल बसई, टूण्डला के द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 19.05.2026 के द्वारा अवगत कराया गया है कि विद्यालय कक्षा 01 से कक्षा 08 तक मान्यता प्राप्त है। विद्यालय के छात्रों के हित के दृष्टिगत कक्षा 09 से 12 तक सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता लिए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने का अनुरोध किया गया। उपरोक्त पत्र के अनुक्रम में कार्यालय के पत्रांक संख्या एम0आई0एस0/5208–09/2026–27 दिनांक 26 मई 2026 के द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी टूण्डला को जॉच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी टूण्डला के द्वारा अपने कार्यालय के पत्रांक संख्या मान्यता/300/2026–27 दिनांक 29 मई 2026 के द्वारा अवगत कराया गया है कि विद्यालय कक्षा 01 से कक्षा 08 तक बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त है। बेसिक शिक्षा विभाग की मान्यता के अतिरिक्त विद्यालय में 600 वर्गफीट के 18 कक्ष निर्मित है, 800 वर्गफीट की लाईब्रेरी, 800 वर्गफीट का कम्प्यूटर कक्ष, 800 वर्गफीट की विज्ञान प्रयोगशाला एवं 3346 वर्गमीटर का क्रीड़ा स्थल उपलब्ध है। विद्यालय के द्वारा सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता हेतु आवेदन करने पर विभाग को कोई आपत्ति नहीं होगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी, टूण्डला की आख्या के आधार पर एशियन इन्टरनेशनल स्कूल बसई, टूण्डला के द्वारा सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता हेतु आवेदन करने पर विभाग को कोई आपत्ति नहीं होगी।

(आशीष कुमार पाण्डेय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
फिरोजाबाद।

संख्या व दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि – संयुक्त शिक्षा निदेशक, आगरा मण्डल आगरा।

2. जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद।
3. खण्ड शिक्षा अधिकारी टूण्डला।
4. प्रबन्धक/प्रधानाचार्य एशियन इन्टरनेशनल स्कूल बसई, टूण्डला।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
फिरोजाबाद।